**प्रेस नोट पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद दिनांक 03.09.2025**

# कमिश्नरेट गाजियाबाद पुलिस द्वारा एक नई पहल कर बुद्धवार के दिन समस्त थानों पर 'वादी संवाद दिवस' आयोजन किया गया।

श्रीमान् पुलिस आयुक्त गाजियाबाद के निर्देशन में जनता को त्वरित पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण न्याय दिलाने के उद्देश्य से कमिश्नरेट गाजियाबाद में **वादी संवाद नीति** लागू की गई। जिसके अन्तर्गत प्रत्येक बुद्धवार को सभी थानों पर **वादी संवाद दिवस** आयोजित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। जिसके क्रम में आज दिनांक 03.09.2025 को बुद्धवार के दिन कमिश्नरेट गाजियाबाद के समस्त थानों पर प्रथम **वादी संवाद दिवस** आयोजित किया गया।

इस वादी संवाद दिवस का उद्देश्य वादियों और पुलिस के बीच सार्थक संवाद स्थापित कर पारदर्शिता विश्वास एवं शीघ्र न्याय की प्रक्रिया को और अधिक सुदृढ़ करना है। जिसके क्रम में विवेचनाधीन अभियोगों (एफ0आई0आर0/एन0सी0आर0) तथा गुमशुदगी से सम्बन्धित वादी को थाने पर आमंत्रित कर सम्बन्धित विवेचकों के साथ संवाद स्थापित करते हुए विवेचना की वर्तमान स्थिति एवं प्रगति से अवगत कराते हुए वादियों के सभी प्रश्नों का उचित, तथ्यात्मक एवं संतोषजनक उत्तर देते हुए संतुष्ट किया गया तथा इस दौरान सम्बन्धित सहायक पुलिस आयुक्त भी अपने-अपने सर्किल के थानों पर उपस्थित रहे।

**आज दिनांक 03.09.2025 को आयोजित किये गए वादी संवाद दिवस का जोन वार विवरण निम्न प्रकार है-**

| क्र.सं. | जोन | संवाद हेतु थानों पर उपस्थित आये वादियों की संख्या |
|---|---|---|
| 1. | नगर | 119 |
| 2. | ट्रांस हिण्डन | 114 |
| 3. | ग्रामीण | 329 |
| | **कमिश्नरेट गाजियाबाद** | **562** |

श्रीमान पुलिस आयुक्त महोदय द्वारा **वादी संवाद दिवस** को एक दूरदर्शी और जनहितकारी पहल बताते हुए निम्न बिन्दु साझा किये गये।

- **विवेचना में पारदर्शिता**-अब वादी को हर सप्ताह अपने केस की स्थिति जानने का अवसर मिलेगा, जिससे विवेचना में पारदर्शिता आएगी और अनावश्यक भ्रम की स्थिति समाप्त होगी।
- **प्रशासनिक जवाबदेही में वृद्धि**-थाना प्रभारियों और विवेचकों की जवाबदेही बढ़ेगी, जिससे मामलों की निष्पक्ष और समयबद्ध जांच सुनिश्चित होगी।
- **वादियों की संतुष्टि और मानसिक शांति**-केस की जानकारी मिलने से वादी मानसिक रूप से संतुष्ट होगा और न्याय प्रक्रिया में उसका विश्वास बढ़ेगा।
- **जनता और पुलिस के बीच संवाद का सेतु**-यह पहल एक संवादात्मक मंच प्रदान करती है, जिससे जनता और पुलिस के बीच दूरी कम होगी और सहयोग की भावना प्रबल होगी।
- **पुलिसिंग की गुणवत्ता में सुधार**-नियमित संवाद से पुलिस को भी फीडबैक मिलेगा, जिससे उनकी कार्यप्रणाली में सुधार होगा और जनता की अपेक्षाओं के अनुरूप सेवा दी जा सकेगी।

श्रीमान पुलिस आयुक्त महोदय के निर्देशन में **वादी संवाद दिवस** गाजियाबाद पुलिस की एक जन सरोकार आधारित पहल है इसका उद्देश्य सुनिश्चित करना है कि प्रत्येक वादी को अपने प्रकरण की सही जानकारी समय पर मिले एवं उन्हें न्याय की प्रक्रिया पर विश्वास और संतोष प्राप्त हो। यह नई पहल पुलिस व जनता के बीच आपसी सहयोग एवं विश्वास को और अधिक मजबूत करेगी। कमिश्नरेट गाजियाबाद पुलिस द्वारा जनकेन्द्रित पुलिससिंग के दृष्टिगत में भविष्य में भी इसी प्रकार के नवाचार जारी रहेंगे।

## थाना लोनी बॉर्डर पुलिस द्वारा वाहन चोरी करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की मोटरसाइकिल बरामद।

दिनांक 02.09.2025 को थाना लोनी बॉर्डर पुलिस टीम द्वारा रात्रिकालीन चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना के आधार पर वाहन चोरी करने वाला अभियुक्त प्रवीण पुत्र प्रभूदयाल निवासी हाल पता मलिक डेयरी के सामने पतली गली बुद्ध बाजार लक्ष्मी गार्डन थाना लोनी बॉर्डर कमिश्नरेट गाजियाबाद उम्र 23 वर्ष स्थाई पता ग्राम चपौटा थाना अतरौली जनपद अलीगढ को थाना लोनी बॉर्डर क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया जिसके कब्जे से चोरी की 01 मोटरसाइकिल बरामद हुई तथा इसका साथी अभियुक्त आकाश पुत्र मोहन निवासी हाल पता दुर्गापुरी दिल्ली स्थाई पता ग्राम चपौटा थाना अतरौली जनपद अलीगढ मौके से भाग गया जिसकी गिरफ्तारी हेतु टीम लगी हुई है। उक्त बरामदगी के आधार पर गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध थाना लोनी बॉर्डर पर धारा 317(2)/317(5) बीएनएस के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया। अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**पूछताछ का विवरण-**
अभियुक्त ने पूछताछ के दौरान बताया कि यह मोटरसाइकिल मैंने व मेरे साथी आकाश ने करीब एक साल पहले ज्योति नगर दिल्ली से चोरी की थी, इस मोटरसाइकिल से मैं और आकाश चोरी-चकारी का काम करते है तथा इस चोरी की मोटरसाइकिल की पहचान छुपाने के लिए हमने नम्बर प्लेट हटा दी थी।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता-**

प्रवीण पुत्र प्रभूदयाल निवासी हाल पता मलिक डेयरी के सामने पतली गली बुद्ध बाजार लक्ष्मी गार्डन थाना लोनी बॉर्डर कमिश्नरेट गाजियाबाद स्थाई पता ग्राम चपौटा थाना अतरौली जनपद अलीगढ उम्र 23 वर्ष ।

**वांछित अभियुक्तगण का विवरण-**

आकाश पुत्र मोहन निवासी हाल पता दुर्गापुरी दिल्ली स्थाई पता ग्राम चपौटा थाना अतरौली जनपद अलीगढ ।

**बरामदगी का विवरण-**

कब्जे से चोरी की 01 मोटरसाइकिल बरामद ।

**आपराधिक इतिहास/पंजीकृत अभियोग-**

अभियुक्तगण के विरुद्ध थाना ज्योतिनगर दिल्ली में चोरी का 01 अभियोग तथा थाना लोनी बॉर्डर पर उक्त बरामदगी के सम्बन्ध में 01 अभियोग पंजीकृत किया गया है । अन्य आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है ।

**गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम-**

थाना लोनी बॉर्डर पुलिस टीम ।

## आगामी त्योहारों के दौरान सुगम यातायात व्यवस्था हेतु समीक्षा गोष्ठी का आयोजन

पुलिस आयुक्त, गाजियाबाद महोदय द्वारा आज पुलिस कमिश्नरेट मुख्यालय स्थित सभागार में एक गोष्ठी की गयी। जिसमें यातायात व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़, सुरक्षित एवं सुगम बनाये जाने के उद्देश्य से यातायात पुलिस के अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा एवं समीक्षा की गई। आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत भीड़-भाड़ वाले बाजारों, धार्मिक स्थलों एवं प्रमुख मार्गों पर यातायात व्यवस्था को चुस्त एवं प्रभावी रखने हेतु अधिकारियों को निम्न दिशा-निर्देश दिए गये:-

- दिनांक 06-09-2025 को आगामी त्यौहार गणेश चतुर्थी पर मूर्ति विसर्जन को सकुशल संपन्न कराये जाने हेतु प्रमुख मार्गों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जाए, एवं डायवर्जन प्लान का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाये। मूर्ति विसर्जन में आने वाले श्रद्धालुओं के वाहनों को पार्क किये जाने हेतु अस्थायी पार्किंग स्थलों का चिन्हीकरण किया जाये। साथ ही दिनांक 06-09-2025 एवं 07-09-2025 को आगामी PET परीक्षा के दौरान भी समुचित यातायात पुलिस प्रबंध सुनिश्चित किया जाये।
- नो हेलमेट-नो फ्यूल अभियान के अंतर्गत प्रभावी कार्यवाही कराते हुए यह भी सुनिश्चित किया जाये कि कोई भी पेट्रोल पम्प स्वामी/कर्मी इन नियमों का उल्लंघन न करे। यदि कोई पेट्रोल पम्प स्वामी/कर्मी उल्लंघन करते पाया जाये तो सम्बंधित पेट्रोल पम्प स्वामी के विरुद्ध उचित कार्यवाही हेतु जिलाधिकारी एवं जिला पूर्ति अधिकारी को पत्राचार किया जाये।
- राजनगर एक्सटेंशन में फार्च्यून कट, अजनारा कट एवं रिवर हाइट गोलचक्कर पर ट्रैफिक कंजेशन रहता है। उक्त के निदान हेतु GDA के अधिकारियों के साथ स्थलीय निरीक्षण कर यू-टर्न बनाये जाने की कार्यवाही शीघ्र पूर्ण की जाये। इसके साथ ही थाना साहिबाबाद के सामने स्थित कट को बंद कर यू -टर्न बनाये जाने हेतु सम्बंधित विभागों से समन्वय स्थापित कर पूर्ण कराएं।

- बारिश या अन्य कारणों से जहाँ जहाँ सड़क ख़राब/क्षतिग्रस्त हो गयी हैं, उनका चिन्हीकरण कर निर्माण/मरम्मत हेतु संबधित विभागों से पत्राचार किया जाये।
- अतिक्रमण के कारकों के विरुद्ध 152 BNSS के अंतर्गत की जा रही कार्यवाही को और अधिक प्रभावी बनाएं। सब जोन प्रभारी यातायात निरीक्षकों द्वारा स्थानीय थाना पुलिस व प्रशासनिक विभागों के बीच समन्वय स्थापित कर सड़कों को शत -प्रतिशत अतिक्रमणमुक्त बनाया जाये।
- यातायात के दृष्टिकोण से गाजियाबाद को 03 जोन एवं 09 सब जोन में विभक्त किया गया है, प्रत्येक जोन पर सहायक पुलिस आयुक्त स्तर के अधिकारी व सब जोन पर यातायात निरीक्षक स्तर के अधिकारी के कार्यालय निर्माण हेतु सम्बंधित विभागों यथा NHAI/GDA/नगर निगम से समन्वय स्थापित कर शीघ्र कार्यवाही पूर्ण की जाये। सभी सहायक पुलिस आयुक्त-यातायात एवं सब जोनल प्रभारी यातायात निरीक्षक अपने अपने क्षेत्र में प्रभावी पर्यवेक्षण करते हुए प्रभावी एवं सुगम यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करें।
- यातायात पुलिस के X हैंडल एवं फेसबुक पेज पर फॉलोवर्स की संख्या बढ़ायी जाये एवं यातायात पुलिस द्वारा किये जाने वाले सराहनीय कार्यो व यातायात सम्बन्धी अपडेट को नियमित रूप से X एवं फेसबुक पेज पर पोस्ट किया जाये। इसके साथ ही सोशल मीडिया, पंपलेट, बैनर व जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से आमजन को यातायात नियमों का पालन करने हेतु प्रेरित किया जाए।
- ई-रिक्शा एवं ऑटो के अप्रत्याशित वृद्धि एवं इनके मनमाने संचरण से अव्यवस्थित यातायात को नियंत्रण कर सुव्यस्थित करने हेतु तीनों जोन को अलग अलग रूट में विभाजित कर उन्हें यूनिक QR कोड एवं रूट के अनुसार अलग अलग कलर के स्टीकर्स प्रदान किये जाने की कार्यवाही को युद्ध स्तर पर किया जाये। इसके साथ ही समस्त ऑटो/ई- रिक्शा के मालिकों का सम्पूर्ण विवरण सॉफ्टवेयर के माध्यम से फीड कराया जाये।
- विभिन्न त्यौहार, परीक्षा, VIP ड्यूटी के यातायात व्यवस्था के अनुभवों को विधिवत डॉक्यूमेंटेशन कर रिकॉर्ड में रखा जाये ताकि भविष्य में ऐसी जानकारियों का प्रयोग करके आगामी त्यौहार, परीक्षा, VIP ड्यूटी के दौरान यातायात व्यवस्था को और अधिक सुगम बनाया जा सके।

गोष्ठी में अतिरिक्त पुलिस आयुक्त-अपराध एवं कानून व्यवस्था, अपर पुलिस आयुक्त यातायात, समस्त सहायक पुलिस आयुक्त (यातायात), एवं समस्त यातायात निरीक्षक गण उपस्थित रहे।

**अपर पुलिस उपायुक्त, यातायात**
**कमिश्नरेट-गाजियाबाद।**

**गणेश मूर्ति विसर्जन के दौरान**
**यातायात डायवर्जन व्यवस्था**

कृपया सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि स्थानीय एवं दिल्ली, हरियाणा आदि राज्यों से बडी संख्या में ऋद्धालुओं के द्वारा मुरादनगर गंगनहर/हिण्डन घाट एवं ट्रोनिका सिटी में गणेश मूर्ति विसर्जन किया जायेगा। उपरोक्त कार्यक्रम को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु गाजियाबाद में भारी/मध्यम/हल्के मालवाहक वाहनों एवं बसों को दिनांक 05-09-2025 समय प्रातः 06:00 बजे से दिनांक 07-09-2025 को समय 14:00 बजे तक यातायात को निम्न प्रकार से डायवर्जन किया जायेगाः-

- मेरठ की ओर से सभी प्रकार के भारी/मध्यम/हल्के मालवाहक वाहन एवं बस आदि का आवागमन मोदीनगर/मुरादनगर गंगनहर की ओर पूर्ण रूप से प्रतिबन्धित रहेगा। उपरोक्त सभी वाहन दिल्ली मेरठ एक्सप्रेस-वे व हापुड होते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-09 का प्रयोग कर अपने गंतव्य को जायेंगे।
- मोदीनगर की ओर से सभी प्रकार के भारी/मध्यम/हल्के मालवाहक वाहन एवं बस आदि का आवागमन गंगनहर मुरादनगर की ओर पूर्ण रूप से प्रतिबन्धित रहेगा। उपरोक्त सभी वाहन राज चौपला से हापुड मार्ग होते हुए दिल्ली मेरठ एक्सप्रेस-वे व हापुड होकर अपने गंतव्य को जायेंगे।
- एएलटी की ओर से सभी प्रकार के भारी/मध्यम/हल्के मालवाहक वाहन एवं बस आदि का आवागमन गंगनहर मुरादनगर की ओर पूर्ण रूप से प्रतिबन्धित रहेगा। उपरोक्त सभी वाहन एएलटी से हापुड चुंगी होकर आत्माराम स्टील होते हुए राजमार्ग संख्या-09 का प्रयोग कर अपने गंतव्य को जायेंगे।
- मेरठ जानी, नानू से गंगनहर से मुरादनगर गंगनहर की ओर सभी प्रकार के भारी/मध्यम/हल्के मालवाहक वाहन एवं बस आदि का आवागमनपूर्ण रूप से प्रतिबन्धित रहेगा।
- पाईप लाईन मार्ग पर टीलामोड से सभी प्रकार के भारी/मध्यम/हल्के मालवाहक वाहन एवं बस आदि का आवागमन गंगनहर मुरादनगर की ओर पूर्ण रूप से प्रतिबन्धित रहेगा। उपरोक्त सभी वाहन लोनी तिराहा से ईस्टर्न पेरीफेरल का प्रयोग कर डासना पेरीफेरल उतार होकर अपने गंतव्य को जायेंगे।
- दुहाई पेरीफेरल उतार से सभी प्रकार के भारी/मध्यम/हल्के मालवाहक वाहन एवं बस आदि का आवागमन गंगनहर मुरादनगर की ओर पूर्ण रूप से प्रतिबन्धित रहेगा। ऐसे वाहन जिनका गंतव्य स्थल मेरठ है, उपरोक्त सभी वाहन डासना पेरीफेरल उतार का प्रयोग कर प्रयोग कर दिल्ली मेरठ एक्सप्रेस-वे होते हुए अपने गंतव्य को जायेंगे।
- आर्डिनेंस फैक्ट्री की ओर से आने वाले सभी प्रकार के भारी/मध्यम/हल्के मालवाहक वाहन एवं बस आदि का आवागमन गंगनहर मुरादनगर की ओर पूर्ण रूप से प्रतिबन्धित रहेगा। उपरोक्त सभी वाहन कन्नौजा मार्ग होते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग संख्याः 09 का प्रयोग कर अपने गंतव्य को जायेंगे।
- तुलसी निकेतन भोपुरा एवं सीमापुरी अप्सरा बॉर्डर से सभी प्रकार के भारी/मध्यम/हल्के मालवाहक वाहन एवं बस आदि गाजियाबाद की ओर नहीं आ सकेंगे। उपरोक्त सभी वाहन वाहन रोड नं0-56 (चौधरी चरण सिंह मार्ग) का प्रयोग कर गाजीपुर मण्डी से यूपी गेट होते हुए राजमार्ग संख्या-09 का प्रयोग कर आवागमन करेंगे।

**उपरोक्त यातायात डायवर्जन व्यवस्था में कभी भी आवश्यकतानुसार संसोधन किया जा सकता है।**

**अतः किसी भी प्रकार की असुविधा से बचने के लिये वैकल्पिक मार्गों का प्रयोग करें।**

**असुविधा के लिये खेद है!**

**अपर पुलिस उपायुक्त, यातायात**
**कमिश्नरेट-गाजियाबाद।**